हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 7 जून 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 25 डिग्री

4 कृषि कॉलेज में पौधरोपण व जागरूकता कार्यक्रम



(मनेन्द्रगढ़) प्रवेश प्रारंभ (चिरमिरी)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
पता: प्राचार्य: झांझरिया गोदाम, बदन सिंह मोहल्ला मनेन्द्रगढ़
मो. 7415139436, 9203914561, 9425556340
पता: प्राचार्य: जगन्नाथ मंदिर के पास धरमनगरी (पोड़ी) चिरमिरी
मो. 7489674543, 7415139436, 9203914561

## कलेक्टर कोरिया ने किया निरीक्षण, एक माह के अंदर कार्य पूर्ण करने के निर्देश

# आंगनबाड़ी और महतारी सदन निर्माण कार्य अधूरा, पंचायत सचिव को फटकार



अधूरा निर्माण कार्य।



निरीक्षण करने पहुंची कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर कोरिया ने ग्राम बुड़ार में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन एवं महतारी सदन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, स्वीकृति तिथि, लागत तथा निर्धारित समय-सीमा की विस्तृत जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। आंगनबाड़ी भवन का कार्य लंबे समय से अधूरा पाए जाने पर कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने ग्राम पंचायत सचिव को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्वीकृति के कई महीनों बाद भी कार्य पूर्ण नहीं होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। कलेक्टर ने संबंधित सचिव को एक माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी, इसके बाद कलेक्टर ने निर्माणाधीन महतारी सदन का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि भवन का निर्माण समय पर पूरा हो सके और इसका लाभ स्थानीय महिलाओं को मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

## बुड़ार में जनसमस्या निवारण, 19 गांवों के ग्रामीण पहुंचे



ग्राम बुड़ार में जिला स्तरीय सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में 19 गांवों के ग्रामीणों ने काफी संख्या में भाग लेकर विभिन्न मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भईयालाल राजवाड़े ने प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना, नल-जल योजना, बिजली कनेक्शन, पेयजल, खाद एवं बीज जैसी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व संबंधी मामलों के अधिक आवेदन आने पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को भूमि विवादों, समस्याओं का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती यादव ने स्वयं ग्रामीणों से ⏭ शेष पेज 4 पर

## दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों को मिले सहायक उपकरण

छग शासन के दिशा-निर्देशानुसार संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत बुड़ार में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना रहा। शिविर में समाज कल्याण विभाग, जिला कोरिया द्वारा दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं के तहत हितग्राहियों को आवश्यकतानुसार सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पड़ाति निवासी 22 वर्षीय कु. आसना को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल (बैटरी चालित रिक्शा) प्रदान की गई, जिससे उनके आवागमन में सुविधा होगी। वहीं ग्राम पातरपाली की श्रीमती गांगी बाई को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा प्रेमलाल को एक जोड़ी बैशाखी तथा 13 वरिष्ठ नागरिकों को छड़ी एवं अन्य आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए।

# किसानों की समस्याओं का समय पर हो समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कृषि एवं कृषि से संबद्ध विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि विज्ञान केन्द्र, रेशम, बीज निगम, मंडी बोर्ड सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति और किसानों की आय बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि राजस्व एवं कृषि अमला अधिक से अधिक समय गांवों और खेतों में बिताए तथा किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन शुरू होने से पहले किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, खाद, तकनीकी मार्गदर्शन और योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि किसानों को धान सहित अन्य फसलों के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज एवं उर्वरक समय पर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने खाद वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता और कालाबाजारी को गंभीरता से लेते हुए सभी सहकारी समितियों एवं वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण और भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में इस वर्ष खरीफ सीजन का प्रमुख लक्ष्य फसल विविधीकरण है। किसानों को पारंपरिक धान की खेती के साथ-साथ दलहनी एवं तिलहनी फसलों के उत्पादन के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) के तहत दलहन और तिलहन फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को रागी सहित अन्य मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने तथा बेहतर मिलिंग क्षमता वाली धान की उन्नत किस्मों के प्रचार-प्रसार के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती न केवल उत्पादन लागत को कम करती है, बल्कि कृषि उत्पादों की गुणवत्ता भी बेहतर बनाती है। उन्होंने कहा कि देश और विदेश में जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग किसानों की आय बढ़ाने का एक बड़ा अवसर है। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग को निर्देश दिए कि धान की परंपरागत खेती करने वाले किसानों को लाभकारी उद्यानिकी फसलों से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि अधिक जल उपलब्धता वाले क्षेत्रों में ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।



समीक्षा बैठक लेती कलेक्टर

## खबर संक्षेप

### गैस एजेंसी पर अतिरिक्त राशि वसूली का आरोप

**कोरिया कालरी।** क्षेत्र के एक गैस एजेंसी के संचालक के खिलाफ अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई है। डोमनहिल निवासी राजू गुप्ता ने आरोप लगाया है कि एजेंसी द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी के नाम पर निर्धारित दर से 50 रूपए अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उपभोक्ताओं से गैस सिलेंडर की तय कीमत के अलावा घर पहुंच सेवा के नाम पर अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार की उज्वला योजना के तहत चिरमिरी क्षेत्र के अधिकांश हितग्राहियों को नागपुर स्थित महामाया भारत गैस एजेंसी के माध्यम से गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। ऐसे में अतिरिक्त राशि वसूली की शिकायत सामने आने के बाद उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। शिकायत मिलने के बाद प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच की संभावना जताई जा रही है।

### सोनहत पंचायत में 12 दुकानों की नीलामी

**सोनहत।** मुख्यालय ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित 12 दुकानों की नीलामी निर्धारित तिथि 5 जून को विधिवत संपन्न हुई। ग्राम पंचायत कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आयोजित नीलामी प्रक्रिया में स्थानीय प्रशासनिक तंत्र पंचायत पदाधिकारी, बोलीकर्ता एवं काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। नीलामी प्रक्रिया के दौरान नियम एवं शर्तों से संबंधित दस्तावेज तैयार करने में समय लगने के कारण कार्य देर शाम तक चलता रहा। नीलामी उपरांत ग्राम पंचायत द्वारा सफल बोलीकर्ताओं को आगे की औपचारिकताएं पूर्ण कर अपने-अपने प्रतिष्ठानों का संचालन प्रारंभ करने के लिए कहा गया। पूरी नीलामी प्रक्रिया को सफल बनाने में स्थानीय पुलिस प्रशासन, प्रशासनिक अमला, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, पंच एवं ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा। ग्राम पंचायत स्तर पर दुकानों की नीलामी पूर्ण होने से स्थानीय बेरोजगार युवाओं को नए व्यापारिक अवसर मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### नशे में वाहन चलाने वाले तीन पर अर्थदण्ड

**अम्बिकापुर।** डीआईजी एवं एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देशन में सरगुजा पुलिस लगातार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत शराब पीकर वाहन चलाने के साथ ही यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शराब के नशे में चारपहिया, दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईएल 1640 के चालक बतौली निवासी जयप्रकाश पिता चमर साईं, स्कूटी क्रमांक सीजी29 एजी 7637 के चालक भटगांव निवासी कार्तिक सिंह पिता वंश रूप बाइक चालक मैनपाट निवासी पारस कुजूर के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की। पुलिस ने वाहन चालकों का डॉक्टरी मुलाहिला कराया तथा शराब के नशे में वाहन चलाने की पुष्टि होने पर तीनों वाहनों को जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से चालकों को 10-10 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# न्यायालय परिसर में चोरी, एसी का कॉपर पाइप काट कर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर परिसर में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने न्यायालय भवन में लगे तीन एसी के आउटडोर यूनिट के कॉपर पाइप काटकर चोरी कर लिए, जिससे न्यायालय को लगभग 20 हजार रुपए की क्षति हुई है।

चरचा थाने से मिली जानकारी के अनुसार जिला नाजिर शिवशंकर राजवाड़े द्वारा लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में बताया गया है कि 28 मई की शाम 6 बजे से 29 मई की सुबह 11 बजे के बीच यह घटना हुई। चोरों ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के बोर्ड कक्ष तथा विशेष न्यायाधीश (अत्याचार निवारण अधिनियम) के चेम्बर एवं न्यायालय कक्ष में लगे एसी के आउटडोर यूनिट के कॉपर पाइप काटकर चोरी कर लिए। घटना के समय न्यायालय परिसर की सुरक्षा के लिए आरक्षक वसीम रजा तथा नगर सैनिक अमर साय एवं सुशील साहू की ड्यूटी लगी हुई थी। बावजूद इसके चोरी की घटना होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। चोरी की घटना के कारण न्यायालय के तीनों एसी बंद हो गए हैं। मामले में चरचा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305 (ई) एवं 331(4) के तहत जांच शुरू कर दी है।

■ चरचा पुलिस ने दर्ज किया मामला

### घर का ताला तोड़ नकदी समेत 47 हजार की चोरी



इन दिनों कोरिया जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामले में सोनहत थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े एक महिला के सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी सहित हजारों रूपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत सोनहत पुलिस में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार सूखमन सिंह पति सुरेन्द्र सिंह 2 जून को सुबह करीब 11 बजे घर में ताला लगाकर समूह बैठक में शामिल होने महुआपारा गई थीं। करीब 12 बजे जब वह वापस लौटीं तो घर के दरवाजे का ताला टूटा मिला। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। पीड़िति के अनुसार अज्ञात चोर घर से 12 हजार रूपए नगद, कांस के बर्तन, पितल की दौरी, थाली, चांदी की पायल, मंगलसूत्र, मोटरसाइकिल के दस्तावेज, ग्रामीण बैंक व पोस्ट ऑफिस की पासबुक तथा आधार कार्ड सहित कुल लगभग 47 हजार 500 रूपए का सामान चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 305 (ए) एवं 331(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इलाके में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

### छानी के रास्ते घर में घुसे चोर

जनकपुर थाना अंतर्गत ग्राम मसौरा में अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में एक घर को निशाना बनाते हुए नगदी, जेवर और महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भरी तीन पेटियों की चोरी कर ली। जनकपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मसौरा निवासी रोहणी प्रसाद यादव 4 जून की शाम करीब 4 बजे अपने मामा के घर ग्राम भुमका कोटाडोल गए हुए थे। घर में उनकी पत्नी, दो बेटियां और दो बेटे मौजूद थे। बताया गया कि रात करीब 9 से 10 बजे के बीच परिवार के लोग खाना खाकर घर के आंगन में सो गए थे। सुबह करीब 5 बजे उठने पर देखा कि घर की छानी से लगी दीवार पर सीढ़ी लगी हुई थी तथा कमरे का सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखी तीनों पेटियां गायब थीं। एक पेटी में 10 हजार रूपए नगद, सोने का छोटा लॉकेट, नथिया तथा चांदी का झुमका, पायल और चैन रखे हुए थे, जिनकी कुल कीमत लगभग 20 हजार रूपए बताई गई है। वहीं अन्य दो पेटियों में जमीन के कागजात, आधार कार्ड, अंकसूची, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, पासबुक सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। सूचना मिलने पर रोहणी प्रसाद यादव वापस घर पहुंचे और देखा कि चोरों ने घर के पीछे की दीवार में सेंध लगाने का भी प्रयास किया था, लेकिन सफल नहीं होने पर सीढ़ी लगाकर छानी के रास्ते घर में प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मामले की शिकायत जनकपुर पुलिस में दर्ज कराई गई है।

# 7 दिनों तक गूंजा योग का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ मनेन्द्रगढ़ में इंटीग्रेटेड योग शिविर का समापन

पतंजलि विश्वविद्यालय एवं भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में 31 मई से सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ में संचालित निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर का शनिवार को समापन हुआ। प्रतिदिन प्रातः 5 से 7 बजे तक आयोजित इस योग शिविर में जिलेभर के सैकड़ों योग साधकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस जवानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

समापन अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संत देवी जांगड़े ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करती है। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थदेव जी के पावन सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में केन्द्रीय प्रभारी संजय अग्रवाल, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, जिला योग प्रभारी सतीश उपाध्याय, योग साधक विवेक तिवारी, प्रवीण निशी, सीओ संजय शर्मा, एसी अविनाश अग्निहोत्री, सीसी आदेश कुमार दोहरे, पीसी बृजभूषण तिवारी, एपीसी राजीव सिंह, एसडीएम लिंगराज सिदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। लगभग 100 प्रधान आरक्षक एवं आरक्षक भी योगाभ्यास में शामिल हुए। शिविर के दौरान योगाचार्यों द्वारा प्रतिभागियों को ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन एवं टखना संचालन जैसे सूक्ष्म व्यायामों का अभ्यास कराया गया।



योग शिविर में उपस्थित कलेक्टर व अन्य।

# पखवाड़े भर में पूरा होगा असाक्षरों का सर्वे

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले के सभी गांवों, पारा-टोला और शहरी वार्डों में आगामी 15 दिनों के भीतर घर-घर पहुंचकर असाक्षरों का सर्वे पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगर निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सर्वे टीमों का तत्काल गठन सुनिश्चित करने को कहा। ग्राम स्तर पर पंचायत सचिव, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्व-सहायता समूह के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, पंच एवं संकुल समन्वयक सर्वे कार्य में शामिल होंगे। सर्वे के दौरान चिन्हित असाक्षरों का पंजीयन कर उनका नामांकन उल्लास एप में किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक 8 से 10 असाक्षरों को शिक्षित करने के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों की व्यवस्था भी की जाएगी। महिला स्व-सहायता समूहों को इस अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने अभियान की नियमित निगरानी के लिए जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। प्रशासन का लक्ष्य जिले को पूर्ण साक्षरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि जिले में निर्धारित 14,706 लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 14,098 असाक्षरों का सर्वे एवं पंजीयन किया जा चुका है। शेष लोगों तक पहुंचने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

■ घर-घर पहुंचेगी सर्वे टीम

### पारंपरिक शिल्प एवं कला प्रशिक्षण शिविर कल से

**अम्बिकापुर।** संस्कृति विभाग द्वारा पारंपरिक शिल्प कलाओं के संरक्षण, प्रचार-प्रसार, जागरूकता तथा रूचि जागृत करने के उद्देश्य से आकार-2026 पारंपरिक शिल्प एवं विविध कला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 8 जून से 14 जून तक सुबह 8 बजे से 11 बजे तक एवं लखनपुर में सायं 5 बजे से 8 बजे तक किया जाएगा। इसका पंजीयन 6 जून से सुबह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदयपुर एवं सायं पीएमश्र स्कूल लखनपुर में किया जाएगा।

## कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम के तहत आयोजन

# 37 हितग्राहियों को मिला करीब 4 करोड़ का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में किसानों, कृषि उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जिला अग्रणी बैंक कोरिया द्वारा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आरसेटी (सेंट्रल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न कृषि एवं स्वरोजगार गतिविधियों के लिए लगभग 4 करोड़ रूपए के ऋण स्वीकृत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों एवं ग्रामीण उद्यमियों को संबोधित करते हुए कृषि एवं उससे जुड़े व्यवसायों के विस्तार के लिए आवश्यकता अनुसार बैंक ऋण लेने तथा समय पर ऋण अदायगी सुनिश्चित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बैंकिंग सुविधाओं का प्रभावी उपयोग किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की बैकुंठपुर, पाण्डवपारा, सरडी, रजौली और सोनहत शाखाओं द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृत किए गए। कृषि एवं कृषि आधारित गतिविधियों से संबंधित 27 खातों में कुल 2 करोड़ 66 लाख रूपए के ऋण स्वीकृत किए गए। इनमें किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन, मत्स्यपालन, मुर्गी पालन, ग्रामीण भंडारण, फूड प्रोसेसिंग, वेयर हाउस निर्माण, पशु आहार उत्पादन तथा अन्य कृषि व्यवसायों से जुड़े ऋण शामिल हैं, इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं के तहत 10 खातों में 1 करोड़ 34 लाख के ऋण स्वीकृत किए गए। इस प्रकार कुल 37 हितग्राहियों को लगभग 4 करोड़ रूपए की ऋण स्वीकृति प्रदान ⏭ शेष पेज 4 पर



कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव।


### म्यूल अकाउंट संचालित करने वाले 3 गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** पैसे देने का लालच देकर युवकों के नाम नया सिम खरीदने एवं बैंक खाता एटीएम जारी करा बड़ी रकम का लेन-देन करने के मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। गांधीनगर पुलिस ने राहुल गुप्ता आ.राजेश गुप्ता द्वारा गांधीनगर क्षेत्र में युवकों को आर्थिक लाभ देकर उनके नाम से सिम खरीदवाने एवं बैंक में खाता खुलवाने एवं चेकबुक के माध्यम से बड़ी रकम के लेनदेन करने के मामले में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। पुलिस ने आरोपी राहुल गुप्ता के अतिरिक्त 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने राहुल गुप्ता के कब्जे से डिगमा निवासी नीरज गुप्ता के नाम का एसबीआई, सेंट्रल बैंक एवं युको बैंक का पासबुक जब्त किया था। जिसमें बड़ी राशि का लेनदेन के साक्ष्य मिले थे। वहीं एक-दूसरे मामले में पुलिस ने नमनाकला निवासी सूरज कुमार पिता राजू कश्यप को गिरफ्तार किया है।

# अवैध शराब बनाने वाला तस्कर फिर पहुंचा जेल

**बैकुण्ठपुर।** जिले में अवैध शराब के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने फूलपुर गांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब निर्माण और बिक्री में संलिप्त आरोपी शिवमंगल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जिला आबकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम ने मुखबीर की सूचना पर फूलपुर स्थित आरोपी के घर पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 5 भट्ठियों में भारी मात्रा में शराब बनाने के लिए तैयार किया गया लाहान तथा शराब निर्माण में उपयोग होने वाले उपकरण बरामद किए गए। मौके से 10 लीटर महुआ शराब भी जरीकैनों में भरी हुई मिली। आरोपी शिवमंगल को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) के आदेश पर उसे 14 दिनों के न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। आबकारी विभाग के अनुसार शिवमंगल पूर्व में भी अवैध शराब परिवहन के मामले में पकड़ा जा चुका है। उसे स्कूटी से शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद वह लगभग दो माह तक जेल में रहा। जमानत पर रिहा होने के बाद वह पुनः अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की गतिविधियों में संलिप्त पाया गया, जिस पर विभाग ने दोबारा कार्रवाई की है। इसी क्रम में कसरा ग्राम में भी आबकारी टीम ने कार्रवाई करते हुए पुष्पा भजन सिंह को उसके घर से 10 लीटर शराब बेचते हुए पकड़ा। आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



# सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं : बिग बी

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने जिंदगी में आने वाली समस्याओं और उनसे डील करने को लेकर एक पोस्ट लिखा है, जो चर्चा में है। उनका कहना है कि समस्याओं को तुरंत ही सुलझाने की जरूरत नहीं, क्योंकि वो हमें परिस्थितियों की गहरी समझ, उनसे जुड़े ज्ञान और अनुभव को हासिल करने का अवसर लेकर आती हैं। वो हमें और भी समझदार और परिपक्व बना देती हैं। सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं है, लेकिन अगर अगली बार ऐसी कोई समस्या आती है, तो न केवल उसके समाधान के लिए, बल्कि उससे जुड़ी हर संभावना को समझने के लिए तैयार रहना चाहिए। इससे पहले एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बदलाव की अहमियत और उसे स्वीकारने के बारे में लिखा। साथ ही कहा कि आखिर में सबकुछ खत्म हो जाएगा, लेकिन हर चीज का अंत बदलाव का सामना किए बिना नहीं होगा। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'समस्याओं की एक अच्छी बात यह है कि वो बाद में भी समस्याएं ही रहेंगी। उनसे तुरंत निपटना जरूरी नहीं है। हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।.. और किसी न किसी समस्या के सामने आने से मन में एक तरह की बेचैनी पैदा होती है, जिससे उस समस्या का पूरा ज्ञान और समझ मिलती है।

लाइफ Style



# तमन्ना
## आध्यात्मिक जर्नी की दिखाईं झलकियां

तमन्ना भाटिया ने अपने आध्यात्मिक जर्नी की झलकियां दिखाई हैं। पूजा-पाठ, मंत्रों की गूंज, श्रद्धा भाव और गुलाबी बनारसी साड़ी में लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा का आयोजन। इस दौरान तमन्ना ने जो महसूस किया, उसे शब्दों में बताने की भी कोशिश की है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तमन्ना भाटिया ने स्पिरिचुअल जर्नी की जो कहानी सुनाई है, वो काफी लोगों को हैरान कर सकती है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा की 9 झलकियां दिखाई हैं और इस पोस्ट के कैप्शन में इस डिवाइन फीलिंग को बयां किया है। उन्होंने अपने कैप्शन में बताया कि घर में दिनभर चली प्रार्थना, पूजा और पॉजिटिव एनर्जी का असर ऐसा था कि उन्हें लग रहा था जैसे वहां हर तरफ सब चीज बेहद खूबसूरत है। उन्होंने लिखा, 'सभी लोग जा चुके थे। मंत्रों का जाप शांत हो चुका था। पूजा पूरी हो चुकी थी। फिर भी मैं देवी के पास बैठी थी और चाहती थी कि बस ये दिन खत्म ही नहीं हो। उस जगह में अभी भी बहुत जीवंतता थी। एक ऐसे घर की एनर्जी, जहां दिन भर प्रार्थना, सेलिब्रेशन, हंसी, भक्ति और सबका साथ रहा। ऐसा लग रहा था मानो हवा में कोई खूबसूरत चीज अभी भी बसी हुई है, जो यहां से जाने से इनकार कर रही है।' कैप्शन में आगे कहा है, 'इस दिन को और भी खास बना दिया फैमिली, अपने और वे सभी लोग जो इस एक छत के नीचे इकट्ठा हुए थे। मैंने हमेशा महसूस किया है कि जब कोई इस तरह का आध्यात्मिक कार्य घर में होता है तो यह न केवल इसे आयोजित करने वालों को, बल्कि दरवाजे से अंदर आने वाले हर व्यक्ति को प्रभावित करती है।

हॉलीवुड मसाला




# आइस एज बॉइलिंग पॉइंट का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक झुंड के रोमांच के मचअवेटेड अगले अध्याय आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट का बिल्कुल नया टीजर ट्रेलर और पोस्टर अब रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 5 फरवरी 2027 को अंग्रेजी और हिंदी में केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैमथ, सेबर-टूथ टाइगर, स्लॉथ और ढेर सारी प्रागैतिहासिक अफरा-तफरी से भरी दुनिया में लौटने के लिए तैयार हो जाइए! अब तक की सबसे लोकप्रिय एनिमेटेड फ्रेंचाइजी में से एक आइस एज आधिकारिक तौर पर आइस एजः बॉइलिंग पॉइंट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है, और इसका उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। टीजर में मैनी (आवाजः रे रोमानो), डिएगो (आवाज़ः डेनिस लेरी), सिड (आवाज़ः जॉन लेगुइज़ामो), बक (आवाज़ः साइमन पेग) और एली (आवाज़ः क्वीन लतीफा) एक बार फिर साथ नज़र आते हैं।



# एक्शन और विजुअल्स बने 'ही मैन' की सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** फैंटेसी और एडवेंचर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'ही मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' एक शानदार सिनेमेटिक एक्सपीरियंस लेकर आई है। जिसमें शानदार एक्शन तो है ही। साथ में इमोशन से भरपूर लम्हे, हाई लेवल के ग्राफिक्स और ऐसी दुनिया जो एक अलग ही लेवल की लाइफ को बयां करती हैं। फैन्स काफी समय से इस फिल्म फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और, ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म ने आते ही उन्हें नॉस्टेलजिक कर दिया है। फिल्म से जुड़े शुरुआती रिस्पॉन्स के मुताबिक फिल्म दर्शकों को थिएटर में बांधे रखने में कामयाब हो रही है। खास तौर पर इसकी विजुअल क्वालिटी और क्लाइमैक्स सीक्वेंस बड़े पर्दे के लिए तैयार किए गए ही लगते हैं। जो दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्म समीक्षक रमेश बाला ने इस फिल्म को पांच में से 3.5 स्टार्स दिए हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि ये एक सॉलिड एक्शन पेक्ड एंटरटेनर है। जो नॉस्टेलजिया से भरपूर है। जिसकी वर्ल्ड बिल्डिंग भी खासी इंप्रेसिव है। उनके मुताबिक फिल्म के एक्शन सीक्वेंस ही इसकी जान है। जिनके जरिए ही मैन की दुनिया को बड़े पर्दे पर काफी लार्ज तरीके से और खूबसूरती के साथ पेश किया गया है।



# पेड्डी का 135 करोड़ का धमाका सारी फिल्में हो गईं चित

**नई दिल्ली।** 'पेड्डी' इस साल मच-अवेटेड फिल्म में से एक है। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, जिसमें राम चरण, जाह्नवी कपूर, शिवा राजकुमार, जगपति बाबू, दिव्येंदु, बोमन ईरानी और रवि किशन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। अब रिलीज होने के साथ ही राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' ने थिएटर्स में तूफान ला दिया है। हिम्मत, जज्बे और दिल छू लेने वाली कहानी को देखने के लिए थिएटर्स में भारी भीड़ उमड़ रही है। अब 'पेड्डी' के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। मेकर्स की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 'पेड्डी' ने अपने पहले दिन दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 135.36 करोड़ रुपए से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। जिससे यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है।



# फहलाज मेरी नींव के पत्थर थे : गोविंदा

**मुंबई।** गोविंदा ने पहलाज निहलानी को अंतिम विदाई देने के बाद मीडिया से बात की और बताया कि प्रोड्यूसर ने ही उन्हें गरीबी से बाहर निकाला था। गोविंदा को पहलाज निहलानी ने साल 1986 में आई फिल्म इल्जाम से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इसके बाद उन्होंने एक्टर संग शोला और शबनम और आंखें के अलावा कई और फिल्में बनाईं। जब गोविंदा की पहली फिल्म हिट हुई थी, तो उन्होंने एक साथ 49 फिल्में साइन कर ली थीं। एक मैगजीन ने तो तब गोविंदा को 'सोने के अंडे देने वाली मुर्गी' बता दिया था। गोविंदा ने पहलाज निहलानी को याद करते हुए कहा, पहलाज निहलानी, हमारी नींव के पत्थर थे। माई और मुझ जैसे कलाकार जो गरीबी के दौर से ऊपर आए, उसमें हमें आपका सहयोग रहा। गोविंदा ने फिर आगे कहा, 'मैं पूरे सिंधी समाज को और पहलाज जी को प्रणाम करता हूं।

टीवी मसाला



# 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' हुआ फ्लॉप, विभूति ने जताई थी आपत्ति

**नई दिल्ली।** आसिफ शेख टेलीविजन के साथ फिल्मों में भी काम करने को लेकर जाने जाते हैं। उनको असली पहचान शो भाबीजी घर पर हैं से मिली थी। इस शो में उन्होंने विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभाया था। अगर उनके कॅरियर की बात करें तो उन्होंने साल 1984 में टीवी शो हम लोग से शुरुआत की थी। इसके अलावा एक्टर काफी बड़ी फिल्मों में नजर आए, जिसमें करण अर्जुन, भारत जैसी तमाम फिल्मों के नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनका नाम शो में 300 से अधिक किरदार निभाने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-लंदन में भी दर्ज किया गया है। बीते दिनों शो भाभी जी घर पर हैं 2.0 दर्शकों के बीच में आया। इस प्रोजेक्ट से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, शो दर्शकों के बीच कोई खास जगह नहीं बना पाया। हाल ही में एक्टर ने इस शो से जुड़ी शेयर की और अपना दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस शो में जो फैब्रिक था, वो पूरा बदल गया था। मैं भी इसके पक्ष में नहीं था। शो का क्या मतलब रहा? मैं ऐसा पहला इंसान हूं, जिसने इस शो में यह फैब्रिक बदलने का विरोध किया। लेकिन ये ऊपर से ऑर्डर्स आए थे, इसलिए मैं भी कुछ नहीं कर पाया। पुराने शो में आपने देखा कि कैसे विभूति दूसरे घर में जाकर भाभी जी से मजाक करता है। आपने यह पूरा फैब्रिक ही चेंज कर दिया। एक्टर ने आगे कहा कि शो में मेरा लीड किरदार था।

## 41 साल पुराने सीरियल रजनी की वापसी


**नई दिल्ली।** बात 1985 की है। इस साल दूरदर्शन पर एक शो आया था जिसका नाम था 'रजनी'। इस शो में एक हाउसवाइफ होती है जिसका ऊसूल होता है कि कोई भी चीज वो हर कसौटी पर कसकर खरीदती है। फिर वो चाहे घर का सामान हो या फिर गैस का सिलेंडर। रजनी का ये किरदार प्रिया तेंदुलकर ने



निभाया था, जबकि इसके डायरेक्टर करण राजदान थे। अब 'रजनी 2.0' की दूरदर्शन पर वापसी हो रही है। डायरेक्टर करण राजदान ने शो के बारे में कहा कि 'रजनी' पहले भी दूरदर्शन पर आता था। दूरदर्शन ने मुझे इसके अगला पार्ट बनाने के लिए ऑफर दिया। हालांकि, एक बड़े चैनल को भी मैंने यह आइडिया सुनाया था। उनको भी काफी पसंद आया। सबसे बड़ी बात यह है कि उनका कहना था कि 'रजनी 2.0' में 2 एपिसोड्स में पूरा केस सॉल्व कैसे कर सकती है? मैं कहता हूं कि आज के समय हमारे देश में ऐसी धाराएं आ गई हैं जो हाल ही कंज्यूमर की प्रॉब्लम सॉल्व करती हैं। इस शो को डीडी नेशनल पर देखा जा सकेगा। डायरेक्टर ने आगे बताया कि आज के समय आप अपना खुद का केस कंज्यूमर कोर्ट में जाकर लड़ सकते हो। आपको किसी की जरूरत नहीं है। यह बात मैं लोगों तक पहुंचाना चाहता था।

द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज

# दूध और खाने में मिलावट अस्पताल में तड़पते लोग



**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी थोड़ी अलग होने वाली है। इसमें खाने पीने की चीजों में मिलावट और खेती में केमिकल के गलत इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। टीजर में फिल्म की झलक की दिखी है। एक मिनट 26 सेकंड के टीजर में देखा जा सकता है कि तरबूज में इंजेक्शन लगाया जा रहा है। दूध और पनीर में मिलावट की जा रही है। इसी तरह से फसल में कीटनाशक का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीजर में दिखाया गया है कि मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें डेटा खाने पीने में मिलावट की तस्वीरें और वीडियो दिखाई गई हैं। टीजर के आखिर में बताया गया है कि फिल्म 24 जुलाई को रिलीज होगी। इसके निर्देशक चेतन डीके होंगे। 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी।

# गोलमाल 5 में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ होगा हॉरर-कॉमेडी का तड़का



**मुंबई।** रोहित शेट्टी की सुपरहिट 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म यानी 'गोलमाल 5' को लेकर काफी समय से चर्चा है। फैंस फिल्म की अनाउंसमेंट के वक्त से ही इसे लेकर क्रेजी हैं। 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार भी हैं और उनकी एंट्री ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। इस बीच 'गोलमाल 5' की कहानी से लेकर स्टारकास्ट और किरदारों के बारे में अहम जानकारी सामने आई है। इस बार कहानी में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ हॉरर-कॉमेडी का तड़का भी होगा। साथ ही रणवीर सिंह की भी एंट्री की खबरें हैं। 'गोलमाल 5' के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसे ऊटी में शूट किया गया था। अब अगला बड़ा शेड्यूल जुलाई में शुरू होगा। इसे मुंबई में शूट किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। इस बार फिल्म की कहानी बेशक हॉरर कॉमेडी और सुपरनैचुरल बताई जा रही है, पर गोवा भी इसका अहम हिस्सा बनेगा। 'गोलमाल 5' में अजय देवगन, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू और तुषार कपूर तो हैं ही, पर इस बार अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में उनका किरदार 'हाउसफुल 4' के बाला से इंस्पायर्ड हो सकता है। उनकी एंट्री 'गोलमाल 5' में या तो मेन विलेन या फिर नेगेटिव रोल में होगी। उन्हें 'गोलमाल 5' में तमिलनाडु के एक बादशाह के रूप में दिखाया जाएगा। वहीं, 'गोलमाल 5' के किरदारों को लेकर भी जानकारी मिली है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की पहले पार्ट में शरमन जोशी, अजय देवगन की टीम का हिस्सा थे, पर बाद में वह इस फ्रेंचाइज से अलग हो गए थे।

## बिहाइंड हर आइज का अंत देखकर पैरों तले खिसक जाएगी जमीन

# वो साइकोलॉजिकल हॉरर, जिनमें डराता है इंसानी दिमाग का पागलपन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगर आपको साइकोलॉजिकल हॉरर थ्रिलर्स पसंद हैं, तो आपको इन फिल्मों और सीरीज की लिस्ट देखनी चाहिए। लिस्ट में टॉक टू मी, द बाबाडूक और सेंट मॉड जैसी फिल्में शामिल हैं, जो मानसिक बीमारी, दुख और धार्मिक उन्माद को डरावने रूप में दिखाती हैं। इसके अलावा, वेब सीरीज'बिहाइंड हर आइज अपने अनोखे ट्विस्ट और क्लासिक फिल्म मिजरी एक जुनूनी फैन के खौफनाक पागलपन को बखूबी बयां करती है।

**शैतान (2024):** इस लिस्ट में बॉलीवुड की फिल्म 'शैतान' भी अपनी जगह बनाती है, जो माता-पिता के सबसे बड़े डर को पर्दे पर लाती है। एक हंसता-खेलता परिवार वीकेंड मनाने बाहर जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी तब नरक बन जाती है, जब एक अजनबी उनकी जवान बेटी को अपने वश में कर लेता है। वह लड़की उस आदमी के सम्मोहन में आकर अपने ही माता-पिता पर क्रूर अत्याचार करने लगती है, जिसे देख किसी की भी रूह कांप जाए।

**द बाबाडूक (2014):** यह फिल्म सिर्फ एक मॉन्स्टर की कहानी नहीं है, बल्कि इंसानी दिमाग के गहरे खालीपन को दिखाती है। कहानी एक अकेली मां और उसके बेटे की है, जो बच्चों की एक किताब से निकले अजीब और डरावने राक्षस 'बाबाडूक' के साए से परेशान हैं। यह कमाल की ऑस्ट्रेलियाई फिल्म असल में किसी भूत-प्रेत से ज्यादा, एक मां के पुराने दुख, तन्हाई और डिप्रेशन के खौफनाक रूप को पर्दे पर बेहद संजीदगी और डर के साथ पेश करती है।



**सेंट मॉड (2020):** अगर आप धीरे-धीरे बढ़ने वाले सस्पेंस के दीवाने हैं, तो आपको 'सेंट मॉड' बिल्कुल मिस नहीं करनी चाहिए। इसमें एक अकेली और बेहद धार्मिक हॉस्पिस नर्स की कहानी है, जो अपनी एक नास्तिक मरीज की आत्मा को बचाने के जुनून में इस कदर अंधी हो जाती है कि सही और गलत का फर्क भूल बैठती है। यह फिल्म मानसिक बीमारी, तन्हाई और धार्मिक उन्माद के खतरनाक तालमेल को बहुत ही खौफनाक अंदाज में दिखाती है।

**भूतकालम (2022):** मलयालम सिनेमा की बेहतरीन साइकोलॉजिकल फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देगी। घर में एक मौत के बाद एक मां और उसका बेटा डिप्रेशन से जूझते हुए अपने किराए के मकान में कुछ बेहद डरावनी और अजीब घटनाओं का सामना करते हैं। फिल्म की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह अंत तक दर्शकों को उलझाए रखती है कि जो कुछ हो रहा है, वह वाकई कोई भूत है या फिर उनके दिमाग का वहम।

**तुम्बाड (2018):** भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन हॉरर फिल्मों में गिनी जाने वाली 'तुम्बाड' इंसानी लालच की एक अनोखी और डरावनी लोककथा है। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जिसकी सोने के खजाने को पाने की भूख उसे एक श्रापित देवता की अंधेरी कोख तक ले जाती है। यह फिल्म सिर्फ डराती नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि कैसे इंसान का अपना ही लालच उसके लिए सबसे बड़ा और सबसे भयानक राक्षस बन जाता है।

**बिहाइंड हर आइज (2021):** अगर आपको मिनीसीरीज देखना पसंद है, तो 'बिहाइंड हर आइज' एक परफेक्ट साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। कहानी एक सिंगल मदर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बॉस के साथ अफेयर में पड़ जाती है और साथ ही उसकी रहस्यमयी पत्नी से भी दोस्ती कर लेती है। तीन लोगों का यह अजीब लव ट्रायंगल धीरे-धीरे ऐसे डार्क सीक्रेट्स खोलता है, जिसका अंत देखकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी।

**मिजरी (1990):** मशहूर लेखक स्टीफन किंग के नॉवेल पर बनी क्लासिक फिल्म एक जुनूनी फैन के डरावने रूप को दिखाती है। एक जाने-माने लेखक की कार का एक्सीडेंट हो जाता है, जिसके बाद उसकी जान उसकी 'नंबर वन फैन' बचाती है। लेकिन, यह सेवा जल्द ही एक भयानक कैद में बदल जाती है, जब उस फैन का पागलपन सामने आता है। यह फिल्म आपको शुरू से अंत तक सीट से बांधकर रखेगी।

## खबर संक्षेप

### खेलो इंडिया योजना के तहत साइकिल रैली

**बिश्रामपुर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश तथा कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली स्वास्थ्य, फिटनेस एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश लेकर निकली गई। रैली का शुभारंभ खेलो इंडिया सेंटर फुटबॉल ग्राउंड, हरटिकरा से होगा तथा समापन स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बिश्रामपुर में किया गया। आयोजन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बालक एवं बालिका को 2 हजार रुपए, द्वितीय स्थान पर 15 सौ रुपए तथा तृतीय स्थान पर 1 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त चतुर्थ से दसवें स्थान तक के प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को नियमित साइकिलिंग के लिए प्रेरित करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा प्रदूषणमुक्त एवं हरित पर्यावरण के निर्माण के प्रति जागरूक करना है।

### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आरम्भ

बिश्रामपुर। नगर के गौरीशंकर मंदिर में 5 से 11 जून तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू हो गया है, सात दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक महोत्सव में श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत के दिव्य प्रसंगों का रसपान कराने के साथ-साथ भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संदेश दिया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुजनों द्वारा नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इस संगीतमय भागवत कथा में श्रीधाम वृंदावन से पधारी कथावायिका दीप्ति नौनरल अपनी वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्तों के कल्याण, धर्म की स्थापना और जीवन के आध्यात्मिक मूल्यों पर प्रकाश डालेंगी। वहीं दास योगीराज जी महाराज सहायक कथावाचक के रूप में कथा को और अधिक प्रभावशाली बनाएंगे। धार्मिक आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, संकीर्तन एवं विविध आध्यात्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित होगा।

### प्रधानमंत्री के सफल कार्यकाल के 12 साल होने पर बैठक

रामानुजगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कार्यकाल के 12 साल बेमिसाल के उपलक्ष्य में तथा आत्मनिर्भर मंडल के संकल्प को सिद्ध करने हेतु भाजपा मंडल महावीरगंज की कार्यसमिति बैठक दुर्गा मंडप, ग्राम पंचायत गम्हरिया में उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुई। बैठक में आगामी संगठनात्मक योजनाओं, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का कुशल मार्गदर्शन मंडल प्रभारी दीनानाथ यादव एवं सह प्रभारी अश्विनी गुप्ता द्वारा किया गया। महावीरगंज भाजपा मंडल ने सफल और उद्देश्यपूर्ण बनाने के लिए उपस्थित सभी अतिथि, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान जयप्रकाश गुप्ता, सुनील तिवारी, मुंशीराम शांडिल्य, मेहीलाल आयम,मो.महबूब आलम, नारद यादव, अनोज यादव, सुनील सिंह, ललन कुमार गुप्ता, आनन्द यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

## निधन

### सिकंदर आशिक खान



**बैकुण्ठपुर।** बैकुण्ठपुर निवासी एवं सरगुजा पैलेस से जुड़े वरिष्ठ कांग्रेसी सिकंदर आशिक खान का 6 जून को ट्रेन में सफर के दौरान हृदयाघात से निधन हो गया। वे करीब 74 वर्ष के थे। स्व. सिकंदर अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

## एनएसएस के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

# कृषि कॉलेज में पौधरोपण व जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



स्व. डॉ. रामचंद्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कोरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ. डीके. गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. श्रवण यादव की अध्यक्षता तथा जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सह कृषि महाविद्यालय प्रतिनिधि भानुपाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण द्वारा आम, अमरूद, कटहल, आंवला, नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही भारत सरकार द्वारा 1 जून से 30 जून तक संचालित खेत बचाओ अभियान की जानकारी दी गई। अभियान के तहत मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, जैविक खेती, जैविक रोग-व्याधि नियंत्रण तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थियों को जीवामृत, बीजामृत एवं अन्य जैविक आदानों की उपयोगिता के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, पोस्टर, गमला सजाओ एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, मनीषा सिंह द्वितीय एवं प्राची सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में परवाज शाहनवाज प्रथम, रितेश कुमार द्वितीय तथा रोहन कुमार साहनी तृतीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में साक्षी राजवाड़े ने प्रथम, अनूपा तिर्की ने द्वितीय एवं अंजुलता धनराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गमला सजाओ प्रतियोगिता में याग्नी सिंह विजयी रहीं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। छात्र-छात्राओं ने भी स्वच्छ एवं हरित वातावरण निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राहुल आर्य ने मंच संचालन एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आईसेक्ट प्रबंधक नरेश सोनी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी अशोक यादव, बलवीर पुषाम, अभिषेक साहू, नीरज राजवाड़े, आयुषी साहू सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में व्याख्याताओं ने बढ़ाया मान



**चरचा कॉलरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित एक होटल में इको क्लब मिशन लाइफ के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोरिया जिले के चार व्याख्याताओं ने सहभागिता कर जिले का गौरव बढ़ाया। पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास एवं हरित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेशभर से शिक्षकों एवं इको क्लब से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के पर्यावरण एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना विकसित करने में इको क्लब की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए मिशन लाइफ के सिद्धांतों को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में संचालित इको क्लब विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने के साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कोरिया जिले में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन तथा जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय एवं सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में जिले का प्रतिनिधित्व इको क्लब जिला समन्वयक एवं प्रभारी प्राचार्य रविकांत मिश्रा, मास्टर ट्रेनर कमल डडसेना सेजेस चरचा, रामकुमार राजवाड़े शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिताझोर पोड़ी तथा महेश शिवहरे शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारा ने किया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण तथा पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

# युवाओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बैकुण्ठपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बैकुंठपुर स्थित मार्गदर्शन संस्थान में पौधरोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम मेरा युवा भारत के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी चहल कैलाशिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मार्गदर्शन संस्थान के डायरेक्टर एनपी सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी चहल कैलाशिया एवं प्राचार्य डॉ.अर्पणा सिंह ने की। वहीं राजीव साहू की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर काफी संख्या में युवाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण अभियान चलाया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन



बैकुण्ठपुर। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित एवं संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पाण्डेय एवं जिला संगठक प्रो. एमसी हिमधर के मार्गदर्शन में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 5 जून को राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप द्वारा उपस्थित समस्त एनएसएस स्वयंसेविकाओं एवं स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाकर की गई। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में पौधों एवं पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालयीन स्टाफ रितेश कुमार गुप्ता, तेजी लाल कुजूर, भागवत प्रसाद साहू, सुश्री खुशबू, सत्येन्द्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा, चुन्नू, श्रीमती उर्मिला एवं श्रीमती राजेश्वरी सहित एनएसएस स्वयंसेविकाएं कुमारी रानी राजवाड़े एवं कुमारी रोशनी राजवाड़े सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं।

# भाजपा सोनहत मंडल की बैठक



**सोनहत।** सामुदायिक भवन सोनहत में भारतीय जनता पार्टी मंडल की आत्मनिर्भर भारत विषयक मासिक बैठक 5 जून को आयोजित की गई। बैठक में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्थानीय स्तर पर किए जाने वाले विभिन्न प्रयासों पर चर्चा करते हुए पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर रणनीति के साथ कार्य करने का संदेश दिया। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिला मंत्री शिव कुमारी सोनपाकर, जनपद अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, युवा मोर्चा जिला महामंत्री मनोज साहू, भाजपा मंडल महामंत्री सुरेश फ्रंवाड़े, बाल कृष्ण देवांगन, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. भुवन साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक सुरेश तिवारी, 23 मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शाहदुर, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिलीप यादव, 23 मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष अमर साय सेलर, मछुआरा प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक ओमप्रकाश काशी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राजेश साहू, मंडल मंत्री एवं जनपद सदस्य आलेश्वरी अनिल गौतम, अनुज राजवाड़े, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी राजवाड़े, अरविंद राजवाड़े, राधेश्याम साहू, सरिता राजवाड़े, रामू राजवाड़े, दिनेश सोनपाकर, रोशन यादव, संजय मानिकपुरी, रामकुशल राजवाड़े, अनिल गौतम, उमा राजवाड़े, दीपक राजवाड़े, राजू साहू, देवव्रत गिरी, अश्वनी पडवार, कृष्णा राजवाड़े, सुभाष सोनपाकर, संतोष साहू, रामप्रकाश साहू, गोविंद राजवाड़े, योगेश्वर राजवाड़े, मंगलू एवं संजय राजवाड़े सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को मजबूत करने एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

# 12 वीं के विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



**डोमनहिल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोमनहिल में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों के सम्मान एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमती रजनी सोलोमन के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विषय के व्याख्याता के. प्रफुल्ल रेड्डी द्वारा विद्यार्थियों को कस्टमाइज्ड पेन एवं की-रिंग भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

व्याख्याता श्री रेड्डी ने कहा कि पेन केवल एक उपहार नहीं, बल्कि ज्ञान, परिश्रम और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से यह प्रेरणादायी पेन भेंट कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में कक्षा 12 वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए उनके नाम अंकित आकर्षक की-रिंग भी प्रदान की गई। सम्मान प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी और उत्साह से खिल उठे। इस अवसर पर व्याख्याता श्रीमती अभिलाषा दुबे, श्रीमती रंजना बड़ा, श्रीमती नेहा सिंह, सहायक शिक्षक विवेक वर्मा एवं शिव सिंह उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# समर कैंप में निखर रही बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा



**कोरिया कॉलरी।** पीएम श्री चित्ताझोर पोंडी में आयोजित समर कैंप का चतुर्थ दिवस कला, सृजनात्मकता और नवाचार को समर्पित रहा। बच्चों ने पेपर क्राफ्ट, मुखौटा निर्माण, ड्राइंग एवं पेंटिंग जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कला एवं हस्तशिल्प सत्र के दौरान प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को कागज से आकर्षक वस्तुएं बनाने, रंग-बिरंगे मुखौटे तैयार करने तथा चित्रकला एवं पेंटिंग की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ नई-नई कलाकृतियां तैयार कीं, जिससे उनकी रचनात्मक सोच और कलात्मक अभिरुचि खुलकर सामने आई।

विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक मुखौटे, कलात्मक चित्र और पेपर क्राफ्ट मॉडल सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बने रहे। ड्राइंग एवं पेंटिंग गतिविधियों में बच्चों ने प्रकृति, पर्यावरण, पशु-पक्षियों तथा सामाजिक विषयों पर सुंदर चित्र उकेरकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शिक्षकों ने उन्हें रंगों के संयोजन, चित्रांकन की तकनीक और हस्तशिल्प निर्माण की बारीकियों से अवगत कराया। गतिविधियों के दौरान बच्चों में सीखने की उत्सुकता, आत्मविश्वास और कुछ नया करने का जज्बा स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें विकसित करने का अवसर प्रदान करना है।

# दलित परिवार का दर्द प्रशासन के लिए चुनौती, परिवार ने दी आत्मदाह की चेतावनी



■ 50 साल से काबिज जमीन पर दबंगों का

**प्रतापपुर।** विकासखंड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत दाढ़करवा में एक दलित परिवार द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गांव के दबंगों की कथित प्रताड़ना और वर्षों से काबिज भूमि पर जबरन तालाब निर्माण कराए जाने से परेशान परिवार ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। परिवार का आरोप है कि यदि निष्पक्ष जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो वे कलेक्टर कार्यालय के सामने सपरिवार पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में पीड़ित परिवार के लोगों ने बताया गया है कि हरिजन समाज के लगभग 15 परिवार पिछले 50 वर्षों से अधिक समय से उक्त भूमि पर खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। आरोप है कि गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों की व्यक्तिगत दुश्मनी और दबाव के चलते उनकी काबिज भूमि पर जबरन तालाब निर्माण कराया जा रहा है। जबकि उसी स्थान के समीप पहले से ही एक शासकीय तालाब मौजूद है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गांव में जल संरक्षण की आवश्यकता है तो अन्य उपयुक्त स्थानों पर तालाब बनाया जा सकता है, लेकिन पहले से मौजूद तालाब के बगल में दूसरा तालाब बनवाना न केवल सरकारी धन की बर्बादी है बल्कि गरीब परिवारों को उजाड़ने की साजिश भी प्रतीत होती है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उन्होंने पूर्व में कई बार प्रशासन और कलेक्टर कार्यालय में शिकायत की, लेकिन आज तक न तो कोई प्रभावी जांच हुई और न ही दोषियों पर कार्रवाई। ज्ञापन में दलित परिवार ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे कलेक्टर कार्यालय के सामने सपरिवार आत्मदाह करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में सुनीता पात्रे, शिवराम पात्रे, सुरेंद्र पात्रे सहित परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बुड़ार में जनसमस्या...

आवेदन लेकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बनने की शिकायत पर संबंधित चिकित्सक को शीघ्र प्रमाणपत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए। शिविर में हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, फूड बास्केट, आइस बॉक्स सहित विभिन्न सामग्री वितरित की गई। वहीं दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को ट्राइसाइकिल और छड़ियां प्रदान की गईं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को खुशियों की चाबी और अभिनंदन पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### किसानों की समस्याओं...

वाले किसानों को लाभकारी उद्यानिकी फसलों से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि अधिक जल उपलब्धता वाले क्षेत्रों में ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसके लिए किसानों को प्रति हेक्टेयर लगभग 1.83 लाख रूपए तक का अनुदान दिया जा रहा है, इसके अलावा औषधीय, सुगंधित और मसाला फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए भी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

### 37 हितग्राहियों को...

की गई। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि वर्तमान खरीफ सीजन में जिले का मुख्य फोकस फसल विविधीकरण पर है। किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ-साथ दलहनी एवं तिलहनी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत दलहन एवं तिलहन फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीदी की व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले में मोटे अनाजों, विशेषकर रागी के उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही किसानों को बेहतर मिलिंग क्षमता वाली धान की उन्नत किस्मों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध हैं तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों तक इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### तीन तलाक व दहेज के मुद्दे को लेकर एफआईआर

अम्बिकापुर। शहर में दहेज व तीन तलाक का मामला सामने आया है। शहर की ही निवासी सहाना बानो की शिकायत पर पुलिस ने उनके ससुराल पक्ष के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना, मारपीट व तीन तलाक के मुद्दे पर एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस सुत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सहाना बानो ने महिला थाना अम्बिकापुर में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि उसके विवाह के कुछ माह बाद से ही सदर रोड जयस्तंभ चौक सरगुजा साइकिल के पास निवासी उनके पति शोएब खान तथा ससुराल पक्ष के सदस्य सायरा खान, अमन खान, शमा अंजुम एवं हुमेरा अंजुम द्वारा लगातार दहेज की मांग करते हुए मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पीड़िता के अनुसार विवाह के समय उसके परिवार द्वारा अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज एवं नगद राशि प्रदान की गई थी, इसके बावजूद अतिरिक्त 5 लाख रूपये की मांग की जाती रही। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसे मारपीट, गाली-गलौज एवं धमकियों का सामना करना पड़ा तथा बाद में उसे ससुराल से निकाल दिया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि उनके पति ने कई बार तलाक कहकर वैवाहिक संबंध समाप्त करने की बात कही गई।

# जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, जीते 3 रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



ओडिशा के खोरधा स्थित केटी ग्लोबल स्कूल में आयोजित जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में सरगुजा किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

खोरधा स्थित केटी ग्लोबल स्कूल में 30 मई से 3 जून तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 800 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जबकि 50 से अधिक तकनीकी अधिकारियों एवं रेफरियों ने प्रतियोगिता का सफल संचालन किया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से 30 से अधिक खिलाड़ी एवं 8 से अधिक अधिकारी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ दल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 स्वर्ण, 12 रजत एवं 11 कांस्य पदक सहित कुल 28 पदक अपने नाम किए। सरगुजा के खिलाड़ी शौर्य वर्धन सिंह रजत पदक, संगीता सिंह 2 रजत पदक, आयुष सारथी एवं नुपूर शांल्डिय ने शानदार प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों को कोच सरवर एक्का के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता के लिए तैयार किया गया। खिलाड़ियों की उपलब्धि से जिले के खेल जगत में खुशी का माहौल है तथा जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष चगन लाल मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा, सचिव आकाश गुरुदीवान एवं कोषाध्यक्ष प्रभात साहू ने खिलाड़ियों की उज्वल भविष्य की कामना की।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त